• उप निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में एक टीम की गयी है गठित, अधिकारी व कर्मी उत्साहित

जनगणना व मतदाता सूची के आंकड़ों में अंतर को पाटने की कवायद, टीम जल्द करेगी सर्वे

प्रतिनिधि ▷ औरंगाबाद शहर

जनगणना एवं मतदाता सूची के अनुपात में अंतर को पाटने की कवायद की गयी है. निर्वाचन विभाग के संयुक्त सचिव के निर्देश पर मतदाता सूची के लिंगानुपात, 18-19 आयु वर्ग एवं निर्वाचक जनसंख्या अनुपात में अंतर को खत्म करने के लिए पहल की जा रही है. इस अंतर को समाप्त करने के लिए उप निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में एक टीम गठित की गयी है. यह टीम सूक्ष्म स्तर पर विश्लेषण की दृष्टिकोण से राजस्व ग्राम इकाई को आधार मानकर जिले के चयनित एक राजस्व ग्राम का सर्वे करेगी. ज्ञात हो कि पूर्व में जिले में लिंगानुपात को बेहतर करने

के साथ-साथ युवा व महिला निर्वाचक बनाने की दिशा में किये गये काम का सकारात्मक परिणाम भी सामने आया है. इससे अधिकारी व कर्मी भी खासा उत्साहित हैं. जिला स्तर पर गठित टीम द्वारा एक राजस्व ग्राम को चयनित करते हुए उसका सर्वे करने का निर्देश सूबे के सभी जिले को दिया गया था. लेकिन, संभवतः अन्य किसी भी जिले में सर्वे का काम शुरू नहीं हो पाया है. जबकि औरंगाबाद में सर्वे का काम शीघ्र पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है. उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद इकबाल ने बताया कि जनगणना के अनुसार लिंगानुपात 926 है. जबकि निर्वाचक सूची के प्रारूप प्रकाशन के समय 16 दिसंबर को लिंगानुपात 873 था. अब सात फरवरी को पुनः प्रारूप प्रकाशित की गयी, जिसमें लिंगानुपात 878 हो गया है. 18-19 आयु वर्ग के युवा मतदाता 16 दिसंबर को जिले में 9030 थे. अब 23843 युवा निर्वाचकों की संख्या हो गयी है. नये वोटर मतदाता सूची में काफी जुड़े हैं.

बूथ चयनित : उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद इकबाल ने बताया कि देव प्रखंड अंतर्गत बसडीहा पंचायत के परसन बिगहा मतदान केन्द्र (भाग संख्या 248) का चयन किया गया है. सर्वे का काम यहीं किया जायेगा. इस संपूर्ण कार्य के वरीय प्रभारी अपर समाहर्ता सुधीर कुमार को बनाया गया है. इस कार्य को उप निर्वाचन पदाधिकारी के नेतृत्व में संबधित मतदान केन्द्र के बीएलओ, पर्यवेक्षक, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी यथाशीघ्र संपन्न करायेंगे. प्रत्येक परिवार से संबंधित सूचनाएं विहित प्रपत्र में अलग-अलग संधारित की जायेंगी.

अध्ययन के आधार पर सर्वे टीम सौंपेगी प्रतिवेदन

सर्वे टीम उक्त चयनित मतदान केंद्र पर वोटरों से संबंधित जानकारी हासिल करने के बाद प्राप्त आंकड़ों का तुलनात्मक अध्ययन करेगी. इसके बाद जनगणना 2011 के आधार पर स्पष्ट प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी. उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि जनगणना और निर्वाचक सूची के अनुसार 18-19 आयु वर्ग और महिला वोटरों के आंकड़ों में काफी भिन्नता है. सर्वे के दौरान इसका सत्यापन भी किया जायेगा और इस भिन्नता को एक समान करने के उपाय भी ढूंढे जायेंगे.